an>

Title: Issue regarding deteriorating law and order situation in the State of West Bengal.

श्रीमती लॉकेट चटर्जी (हुगली): अध्यक्ष महोदय, हुगली वासियों की तरफ से आपको प्रणाम तथा अभिनंदन है ।

Respected Speaker, Sir I would like to draw your attention to the burning issue relating to the deterioration of law and order situation in the State of West Bengal. मैं बहुत दुख के साथ कहना चाहती हूं, हमारा बंगाल रामकृष्ण परमहंस का बंगाल है, जो विवेकानन्द जी का बंगाल है, जो रवीन्द्रनाथ टैगोर का बंगाल है, जो नज़रूल इस्लाम का बंगाल है, वह अभी जल रहा है । यह जो हिंसा है, वह दिनोंदिन बढ़ती जा रही है । आपसे मैं यह निवेदन करती हूं, पंचायत चुनाव से लेकर लोक सभा चुनाव तक हमारे 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं की मौत हो गई, सिर्फ पॉलिटिक्स के लिए, वोट बैंक के लिए, …* ने हत्या कर दिया है ।…(व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE : Hon. Speaker, Sir, law and order issue cannot be raised here. …(*Interruptions*)

श्रीमती लॉकेट चटर्जी : अध्यक्ष महोदय, लोक सभा चुनाव से लेकर अभी तक हमारे 15 से ज्यादा कार्यकर्ताओं की मौत हो गई हैं ।…(व्यवधान) कुछ दिन पहले बशीरहाट में हमारे सात कार्यकर्ताओं का नि-खोज है, पुलिस ने सिर्फ दो बॉडिज़ को आइडेन्टिफाई किया है । अभी तक हमारे जो पांच कार्यकर्ता हैं, वे नि-खोज हैं । पुलिस ने अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं किया है । …(व्यवधान) जो हेड है, वह शेख शाहनवाज़ है, अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है ।…(व्यवधान) वह अभी बांग्लादेश भाग गया है, कोई-कोई लोग बोल रहे हैं ।…(व्यवधान)…* पुलिस मंत्री है, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं की है ।…(व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE: Sir, this is not correct. How can she take her name? …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: नाम नहीं जाएगा ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, व्यवस्था दे दी गई है ।

…(व्यवधान)

श्रीमती लॉकेट चटर्जी : अध्यक्ष महोदय, बांकुरा में पुलिस ने हमारे एक छात्र को, जो क्लास-8 का छात्र है, उसको मार दिया गया है । …(व्यवधान) अभी वह हॉस्पिटल में है और मृत्यु के साथ लड़ रहा है ।…(व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE: Sir, from tomorrow we will also raise law and order issue here. …(*Interruptions*)

श्रीमती लॉकेट चटर्जी : अध्यक्ष महोदय, भाटपाड़ा में हमारे जो दो बीजेपी कार्यकर्ता हैं, उनके ऊपर पुलिस ने गोली चलाई है ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती लॉकेट चटर्जी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

…(व्यवधान)